# काल

**परिभाषा:** क्रिया के जिस रूप से किसी कार्य के करने का समय पता चलता है, उसे क्रिया का '**काल**' कहते हैं।

**जैसे :** 1. आप **पढ़ाते हैं**।

2. बारात **आई**।

3. संपादक थाना **पहुँच चुके थे**।

4. आमदनी **बढ़ेगी**।

**काल भेद :**

**काल के तीन भेद हैं :**

1. वर्तमानकाल
2. भूतकाल
3. भविष्यकाल

1. **वर्तमानकाल** : क्रिया के जिस रूप से वर्तमान समय में कार्य होने का बोध हो, उसे '**वर्तमानकाल**' कहते हैं।

**जैसे** : मोहन मुरली बजाता है।

**वर्तमानकाल के निम्नलिखित भेद हैं –**

**अ. सामान्य वर्तमानकाल** : क्रिया के जिस रूप से यह पता चलता है कि वर्तमान समय में कार्य होता है, उसे '**सामान्य वर्तमानकाल**' कहते हैं।

**जैसे** : 1. तुम गेंद **खेलते हो**।

2. मैं खाना **खाती हूँ**।

3. हम खाना **खाते हैं**।

**ब. अपूर्ण वर्तमानकाल** : क्रिया के जिस रूप से यह पता चले की वर्तमान समय में कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, अर्थात कार्य चल रहा है, उसे '**अपूर्ण वर्तमानकाल**' कहते हैं।

**जैसे** : 1. मैं घर जा **रहा हूँ**।

2. तुम **सो रही हो**।

**क. पूर्ण वर्तमानकाल** : क्रिया के जिस रूप से यह बोध होता है कि वर्तमान समय में कार्य समाप्त हो गया है, उसे '**पूर्ण वर्तमानकाल**' कहते हैं।

**जैसे** : 1. मैंने पाठ **पढ़ा है**।

2. मैं आपके पैसे **लाई हूँ**।

2. **भूतकाल** : क्रिया के जिस रूप से भूतकाल में हुए कार्य का बोध हो, उसे '**भूतकाल**' कहते हैं। इस काल में बीते समय में किसी कार्य के पूर्ण होने की सूचना मिलती है।

**जैसे** : श्याम ने गीत गाया।

**भूतकाल के निम्नलिखित भेद हैं –**

अ. **सामान्य भूतकाल** : क्रिया के जिस रूप से यह बोध होता है कि कार्य समाप्त हो गया, उसे '**सामान्य भूतकाल**' कहते हैं ।

**जैसे** : 1. मैंने खाना **खाया।**

2. रुचि वर्ग में प्रथम **आई**।

ब. **अपूर्ण भूतकाल** : क्रिया के जिस रूप से यह बोध होता है कि क्रिया भूतकाल में हो रही थी, उसे '**अपूर्ण भूतकाल**' कहते हैं।

**जैसे** : 1. रफीक मियाँ तकिए में मुँह छिपाए **रो रहे थे**।

2. मैं **रो रही थी**।

3. हम घाटी में नीचे उतरते **जा रहे थे**।

क. **पूर्ण भूतकाल** : क्रिया के ज़िस रूप से यह बोध होता है कि क्रिया बहुत पहले समाप्त हो चुकी थी, उसे '**पूर्ण भूतकाल**' कहते हैं।

**जैसे** : 1. उन्होंने **कहा था**।

2. मैंने छुट्टी **माँगी थी**।

3. **भविष्यकाल** : क्रिया के जिस रूप से भविष्य में होने वाले कार्य का बोध हो, उसे '**भविष्यकाल**' कहते हैं।

**जैसे**: 1. राम मुंबई **जाएगा**।

**सामान्य भविष्यकाल** : क्रिया के जिस रूप से यह मालूम होता है कि कार्य आने वाले समय में होगा, उसे '**सामान्य भविष्यकाल**' कहते हैं।

**जैसे**: 1. मैं भी साथ **चलूँगा**।

2. राम कल घर से चला **जाएगा**।